झारखंड
Jharkhand

मध्य प्रदेश में खपाया जा रहा था नकली घी, सैंपल रिपोर्ट ने किया पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़

रतलाम: 27 फरवरी को खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम द्वारा ग्लोबस सिटी कॉलोनी स्थित महाकाल ट्रेडर्स से घी के सैंपल लिए गए थे. जिसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद नकली घी का बड़ा कारोबार बेनकाब हुआ है. उत्तर प्रदेश की घी मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों द्वारा यह नकली घी मध्य प्रदेश के जिलों में खपाया जा रहा था.

खाद्य विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि यहां बाजार में बेहद कम कीमत पर घी बेचा जा रहा है. जिस पर रतलाम खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने छापेमारी कर करीब 1600 लीटर घी सील किया था और जांच के लिए घी के नमूने भोपाल स्थित लैब भेजे थे. भोपाल से मिली रिपोर्ट में घी के सभी नमूने फेल हो गए हैं. इसके बाद खाद्य विभाग ने गोदाम मालिक सहित घी बनाने वाली कंपनियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/ratlam-fake-ghee-selling-sample-report-confirmed-substandard-quality-action-taken-against-accused-madhya-pradesh-news-mps26040703320